DAINIK JAGRAN (02.10.2016)

फरीदाबाद
जागरण सिटी

विद्यार्थियों ने लिया श्रमदान करने का संकल्प IV

दैनिक जागरण | नई दिल्ली, 2 अक्टूबर 2016 | www.jagran.com

विद्यार्थियों ने लिया श्रमदान करने का संकल्प

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के प्रति प्रेरित करना तथा स्वच्छता की आदत को उनके व्यवहार में विकसित करना था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने प्रतिवर्ष 100 घंटे व हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, संकायाध्यक्ष (संस्थान), प्रो. संदीप ग्रोवर, कुलसचिव डॉ. संजय कुमार के अलावा सभी संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया तथा विश्वविद्यालय परिसर स्वच्छ रखने के लिए विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया। इस अभियान में विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख हिस्सों में साफ-सफाई की गतिविधियां चलाई। अभियान का संचालन निदेशक, युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी तथा सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्षा डॉ. सोनिया बंसल ने किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के साथ-साथ एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी की थी और इस कल्पना को चरितार्थ करने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है। कुलपति ने स्वैच्छिक श्रमदान में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता के लिए बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थी या समूह को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की।

विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल।

NAVBHARAT TIMES (01.10.2016)

चला अभियान

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 147वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान की शुरूआत शुक्रवार से की गई। स्टूडेंट्स और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने प्रतिवर्ष 100 घंटे व हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया। इस अभियान में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, संकायाध्यक्ष (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर, कुलसचिव डॉ. संजय कुमार के अलावा सभी संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। अभियान का संचालन निदेशक, युवा कल्याण डॉ प्रदीप डिमरी तथा सांस्कृतिक मामलों की प्रभारी डॉ सोनिया बंसल ने किया।